# उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग,

23, एलनगंज, प्रयागराज – 211002

पत्रांक- शि0से0आयोग/ 1838 /चयन/2026-27 दिनांक- 26 अगस्त, 2026

## विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रवक्ता (विज्ञापन संख्या-02/2022) के अन्तर्गत विज्ञापित प्रवक्ता (बालक/बालिक के पदों) की लिखित परीक्षा दिनांक 09 एवं 10 मई 2026 को आयोजित की गयी थी। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 15.06.2026 से 27.06.2026 तक सम्पन्न कराया गया। प्रवक्ता के 18 विषयों के विज्ञापित 624 पदों की लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के पश्चात अन्तिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों का परिणाम आयोग द्वारा दिनांक 07.07.2026 को घोषित किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को संस्था आवंटित कर आयोग द्वारा विषयवार पैनल जारी किया गया है। उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली 1998 के नियम 12(8) के अन्तर्गत पैनल में रिक्तियों की संख्या से अधिक अभ्यर्थियों (प्रतीक्षा सूची) की सूची आयोग द्वारा आज दिनांक- 25.08.2026 को जारी की जाती है। पैनल में रिक्तियों की संख्या से अधिक अभ्यर्थियों (प्रतीक्षा सूची) की सूची आयोग की अधिकारिक वेबसाइट www.upessc.up.gov.in पर प्रदर्शित है।

26.08.2026

उपसचिव

उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग,

प्रयागराज।